Regarding need to curb illegal mining activities-laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा **(भरूच) :** प्राय: समाचार पत्रों और मीडिया के माध्यम से अवैध खनन की खबरें प्राप्त होती रही है । विगत दिनों अरावली पर्वत श्रृंखला में भी खनन संबंधी समाचार प्रकाशित हुए हैं । समस्त प्रकार के खनिज पदार्थ राष्ट्रीय संपत्ति है, सरकार को इसके अनाधिकृत दोहन को राकने में हस्तक्षेप करना चाहिए । नदियों से बालू निकालने का भी वैधानिक तरीका निकालने की आवश्यकता है । राज्य सरकारों को अवैध खनन रोकने हेतु अवैध खनन के निकले खनिज पदार्थ, यत्र-संयंत्र, मशीनरी, वाहन एवं गोदाम आदि पर नियंत्रण करने का अधिकार होना चाहिए । इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि अवैध खनन को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार द्वारा मुहिम चलाने व हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है । इसके साथ ही उन अधिकारियों को भी सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए जो पूर्ण ईमानदारी से अवैध खनन रोकने का अपना कार्य कर रहे हैं ।